

**हर एक व्यक्ति अलग है**

एमएस धोनी एक अलग ही खिलाड़ी हैं, उनके जैसा दूसरा कोई नहीं हो सकता। मैं मानता हूं कि इस तरह की तुलना नहीं होनी चाहिए। हर एक व्यक्ति अलग है और उसकी मजबूती और कमजोरी अलग–अलग होती है।

## एमएस धोनी जैसा दूसरा कोई नहीं हो सकताः रोहित शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल का बिगुल एक बार फिर से बज गया है। इस बीच कोविड– 19 के चलते खिलाड़ियों का ऑफ सेशन अभी भी जारी है और वह फैन्स से सोशल मीडिया के माध्यम से रू–ब–रू हो रहे हैं। रविवार को फ्रेंडशिप डे के मौके पर रोहित शर्मा ने भी ट्विटर पर अपने फैन्स के साथ एक खास अंदाज में फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट किया। रोहित ने फैन्स के साथ सवाल जवाब का सेशन किया। इसमें वह फैन्स के सवाल चुनकर अपने ट्विटर अकाउंट पर वीडियो के द्वारा जवाब दे रहे थे। इस बीच रोहित से एक सवाल धोनी की तुलना पर भी किया गया था, जिस पर रोहित ने कहा कि एमएस धोनी जैसा बनना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। थोड़े दिनों पहले टीम इंडिया के सीनियर बल्लेबाज सुरेश रैना ने रोहित की कप्तानी की तुलना धोनी से की थी। इस पर एक फैन ने सवाल पूछा था कि क्या आप बता सकते हैं कि आपके कप्तानी स्टाइल में खास क्या है और आप अन्य कप्तानों से अलग कैसे हैं? इसके जवाब में रोहित ने कहा, इस पर रोहित ने जवाब में कहा, हां, मैंने सुरेश (रैना) के इस कमेंट के बारे में सुना है।

# उम्र में गड़बड़ी तो बीसीसीआई लगाएगा दो साल का बैन

**क्रिकेट**

## घरेलू क्रिकेट में उम्र संबंधी गड़बड़ी रोकने के लिए बीसीसीआई ने लागू की नई नीति

- उम्र में गड़बड़ी पर अगर खिलाड़ी मान लेता है अपनी गलती तो बचने का है चांस
- आयु संबंधी गड़बड़ी की जानकारी देने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर की भी हुई शुरुआत



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट में उम्र संबंधी गड़बड़ी को लेकर नई नीति अपनाने का फैसला किया है। नए नियम 2020–21 सीजन में बीसीसीआई के सभी आयुवर्ग के टूर्नमेंट्स में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों पर लागू होंगे। नई नीति के मुताबिक, अगर खिलाड़ी अपनी गलती मान लेता है यानी यह कबूल कर लेता है कि उसने उम्र संबंधी गड़बड़ी की है तो वह बच सकता है और इस बात को छिपाने पर अगर खिलाड़ी पकड़ा जाता है तो बीसीसीआई उसे दो साल के लिए बैन कर सकती है।

इस नई नीति के तहत जो खिलाड़ी अपने फर्जी दस्तावेज जमा कर यह कबूल करता है कि उसने अपनी जन्मतिथि से छेड़छाड़ की है तो उसे बैन नहीं किया जाएगा और सही आयु बताने पर टूर्नमेंट्स में खेलने दिया जाएगा। खिलाड़ी को अपने हस्ताक्षर किए हुए पत्रईमेल दाखिल करना होगा, जिसके साथ उसे 15 सितंबर तक संबंधित विभाग से सत्यापन कराते हुए असली जन्मतिथि के दस्तावेज जमा करने होंगे।

अगर रजिस्टर्ड खिलाड़ी सच्चाई नहीं बताता है तो और उसके दस्तावेज फर्जी पाए जाते हैं तो उसे दो साल के लिए बैन कर दिया जाए और दो साल पूरे हो जाने के बाद इस तरह के खिलाड़ियों को बीसीसीआई के आयु वर्ग के टूर्नमेंट में खेलने नहीं दिया जाएगा।

साथ ही जो खिलाड़ी निवास संबंधी गड़बड़ी करता है, जिसमें सीनियर महिला और पुरुष भी शामिल हैं, उस पर दो साल का बैन लगाया जाएगा। यहां स्वयं अपना अपराध कबूल करने की नीति लागू नहीं होगी। बीसीसीआई के अंडर–16 टूर्नमेंट में सिर्फ 14–16 आयु के खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकते हैं।

बोर्ड ने साथ ही कहा है कि आयु संबंधी गड़बड़ी की जानकारी देने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी बनाया गया है। इस पर बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने कहा, हम सभी आयु वर्ग में समान मंच मुहैया कराने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। बीसीसीआई उम्र संबंधी फर्जीवाड़े को रोकने के लिए काफी कदम उठा रही है और अब उसने आने वाले सीजन के लिए अधिक सख्त नियमों को लागू कर दिया है। जो लोग अपने आप अपनी गलती नहीं मानेंगे उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

# महिला आईपीएल जीसी ने मेरे प्रयास को आगे बढ़ाया, इससे खुश हूंः इडुल्जी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत की पूर्व महिला क्रिकेटर डायना इडुल्जी जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा बीसीसीआई का काम देखने के लिए गठित की गई प्रशासकों की समिति में शामिल थीं, उसी दौरान उन्होंने महिला टी20 चैलेंज की शुरुआत कर कई महिला खिलाड़ियों के सपने को सच किया। बीते रविवार को आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल की बैठक ने उनके विजन को एक कदम आगे बढ़ाया है और कहा है कि यूएई में इस बार भी महिला आईपीएल होगा, जिसमें चार मैच खेले जाएंगे।

इडुल्जी ने महिला आईपीएल को जारी रखने के लिए गवर्निंग काउंसिल का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, महिला क्रिकेट का प्रचार जारी रखने के लिए मैं गवर्निंग काउंसिल की शुक्रगुजार हूं। मैं इस बात से खुश हूं कि बीसीसीआई में सीओए सदस्य रहने के दौरान मैंने जो प्रयास शुरू किया था उसे आगे बढ़ाया जा रहा है और उम्मीद है कि हम इस साल जल्द ही महिला आईपीएल देखेंगे। आने वाले सीजन के लिए महिला क्रिकेटरों को शुभकामनाएं।



रविवार की सुबह खबरें थीं कि इस साल महिला आईपीएल भी खेला जाएगा। हालांकि फुल फ्लेज आईपीएल के लिए इंतजार करना होगा। आईपीएल जीसी ने रविवार शाम को इस बात का ऐलान भी कर दिया कि वह तीन टीम चार मैचों के महिला आईपीएल के प्रारूप को जारी रखेगी।

कुछ उत्साही लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली को बधाई दी। कुछ प्रशंसकों ने इस पर नाराजगी भी जताई। मामले से संबंध रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि यह ऐसी बात नहीं है कि बीसीसीआई अध्यक्ष इसका श्रेय लेना चाहते हों, गांगुली सिर्फ यह बताना चाहते हैं कि आईपीएल प्लेऑफ के दौरान महिला मैच आयोजित कराने की जो प्रक्रिया है वो जारी रहेगी।

## क्यों कामयाब है विराट कोहली और रवि शास्त्री की जोड़ीः नेहरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और टीम के मुख्य कोच के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। कोहली और शास्त्री अकसर प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक–दूसरे की तारीफ करते हुए नजर आते हैं। पिछले साल वर्ल्ड कप के बाद, जब भारतीय टीम सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार गई, तब ये कयास लगाए जाने लगे कि शायद बतौर कोच शास्त्री का कार्यकाल समाप्त हो सकता है। और भारतीय टीम शायद अन्य विकल्पों को तलाश करने लगे। तब कोहली ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में शास्त्री के बचाव मे आगे आए थे। उन्होंने कोच के रूप में शास्त्री की भूमिका की तारीफ करते हुए उन्हें एक और बार मौका दिए जाने की वकालत की थी। और कुछ सप्ताह बाद शास्त्री एक बार फिर भारतीय टीम के कोच थे।

शास्त्री और कोहली की जोड़ी ने भारतीय टीम को बीते कुछ अर्से में काफी जीत दिलाई हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018–19 में टेस्ट सीरीज जीतना सबसे ऊपर रखा जा सकता है। इन जोड़ी ने तेज गेंदबाजी को भी काफी अहमियत दी है और अब भारतीय टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

## न्यूज डायरी



## टाटा की मेडिकल कंपनी आईपीएल को देना चाहती है सुरक्षा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। टाटा ग्रुप की स्वास्थ्य विंग, जो कोविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध करवा रही है, ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी विशेषज्ञता का फायदा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को मदद करने की पेशकश की है। आईपीएल की शुरुआत 19 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाला है। आईपीएल के 13वें एडिशन को कोविड के बाद खेल की दुनिया में एक अहम मोड़ की तरह देखा जा रहा है। टाटा मेडिकल ऐंड डायग्नोस्टिक ने कहा है कि लीग को अत्यानुधिक तकनीक और माहौल मुहैया कराने की पेशकश की है। ऐसा करने के लिए टाटा ग्रुप ने प्रजेंटेशन भी पेश किया है, जिसमें पूरी तरह का बायो–सिक्योर बबल को बनाया और कायम रखना भी शामिल है ताकि यूएई में आईपीएल अच्छी तरह से हो सके। आईपीएल की ज्यादातर फ्रैंचाइजियों और इस लीग से जुड़े कुछ अहम हिस्सेदारों का कहना है कि अगर ऐसा होता है तो यह हमारी लीग के लिए बहुत शानदार होगा कि एक प्रतिष्ठित भारतीय कंपनी इस प्रकार की सेवाएं देगी।

## अफरीदी की रेकॉर्ड सेंचुरी का था सचिन कनेक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अजहर महमूद ने उस मैच को याद किया है जिसमें शाहिद अफरीदी ने अपने बल्ले से कोहराम मचा दिया था। यह अफरीदी का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का दूसरा ही मैच था। महमूद ने इसके पीछे अफरीदी की किस्मत भी बताई क्योंकि चार टीमों के उस टूर्नामेंट में लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद चोटिल हो गए थे और इसलिए अफरीदी को टीम में जगह मिली थी। महमूद ने विजडन के द ग्रेटेस्ट राइवलरी पोडकास्ट में कहा, 'अफरीदी ने 1996 में नेरौबी में सहारा कप के बाद पदार्पण किया था, जहां मैंने पदार्पण किया था। उस सीरीज में मुश्ताक अहमद चोटिल हो गए थे और अफरीदी वेस्टइंडीज के दौरे पर गई पाकिस्तान की टीम का हिस्सा थे। मुश्ताक के चोटिल होने के बाद अफरीदी को टीम में जगह मिली।' इस टूर्नामेंट के सभी मैच नेरौबी में खेले गए थे। उन्होंने इस सीरीज में अफरीदी द्वारा श्रीलंका के खिलाफ खेली गई 40 गेंदों पर 102 रनों की पारी को याद किया।

## ट्रेनिंग से पहले खिलाड़ियों को सहमति पत्र पर करना होगा हस्ताक्षर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने क्रिकेट की बहाली के लिए राज्य संघों के लिए रविवार को कोरोना वायरस के कारण लागू की जाने वाली मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी किया। ऐसे में जबकि ये एसओपी राज्य क्रिकेट संघों को क्रिकेट गतिविधियों को फिर से शुरू करने में मदद करेगा, लेकिन ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियों को सहमति फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होगा। 100 पन्नों की एसओपी में बीसीसीआई ने ट्रेनिंग के लिए लौटते समय सिद्धांतों को जारी किया है, महामारी को देखते हुए अभ्यास सुविधाओं की तैयारी, व्यायामशाला प्रोटोकॉल, फिजियोथेरेपी और चिकित्सा प्रोटोकॉल के साथ–साथ प्रोटोकॉल पर नजर रखने के साथ प्रशिक्षण को लेकर भी एसओपी जारी किया है।

## अख्तर का दावा, कारगिल युद्ध लड़ने के लिए ठुकराई थी करोड़ों की डील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के बिगड़े बोल वापस से सुनने को मिले हैं। पहले पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग की पिटाई करने की बात करने वाले अख्तर ने अब कहा है कि वो भारत के खिलाफ कारगिल युद्ध लड़ने को तैयार थे। उन्होंने इसकी वजह से काउंटी क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया और करोड़ों का करार छोड़ दिया। इस युद्ध का कोड नाम ऑपरेशन विजय रखा गया था और इसे 16000 फीट की उंचाई पर लड़ा गया था जहां 1042 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। इस युद्ध में भारत के 527 जवानों ने भी शहादत दी थी। बड़बोलेपन के लिए जाने जाने वाले पूर्व पाकिस्तानी गेंदबाज ने दावा किया वह कारगिल युद्ध में भाग लेना चाहते थे और इसके लिए काउंटी क्रिकेट छोड़ दी।